१ भैरव के लिये दिया का कलश।

३ योगिनी के दिये।

४ तोरणों के । एवं

३९ कलश दियो सहित।

कई आचार्य ध्वज पताका स्तम्भों के भी कलश रखाते हैं। कई कुल २७ कलश ही रखते हैं पर समयाकूल यावच्छक्य करा देना ही उचित है।**श्री सरस्वती प्रकाशन, अजमेर की पुस्तकें ही खरीदें**

६४ कोष्ठात्मक

देववास्तुमण्डल पूजा विधान

एकाशीतिपदं वास्तु गृहकर्मणि शस्यते।
चतुःषष्टिपदं वास्तु प्रासादे देवभूभुजाम्॥

एक पाटे पर ६४ कोष्ठों का मण्डल बनाकर मध्य में कलश पर मूर्ति रखें।

यत्र कुण्डं तत्र वास्तु पीठं कुर्यात् प्रयत्नतः। स्थण्डिले चाल्पहोमे तु वास्तुपीठं कृताकृतम्॥ (गोतमीये)

सपत्नीक यजमान मण्डप के नैऋत्यकोण में वास्तु मंडल के स्थान के पास पश्चिम मुख होकर बैठे। आचमन प्राणायाम संकल्प आचार्य करा देवें। यथा-

अद्य अमुकतिथौ प्रारब्धस्य अमुक देवप्रतिष्ठायाः सांगतासिद्ध्यर्थं चतुःषष्टिपदे वास्तुपीठे शिख्यादि-वास्तुमंडल देवताऽऽवाहन प्रतिष्ठा पूजनं करिष्ये।

वास्तु मण्डल के आग्नेयादि कोणों में चार शंकु (कीलें) रोप देवें। तब यों बोलें-

विशन्तु भूतले नागा लोकपालाश्च सर्वतः।
मण्डपेऽत्रावतिष्ठन्तु ह्यायुर्बलकराः सदा॥

फिर उन कीलों का द्विगुणीकृत त्रिसूत्री से वेस्टन कर दे। और शेष त्रिसूत्री से वास्तूपूजांत में मण्डप के चारों ओर वेस्टन कर दें। एतदर्थ तीन कूकड़ियों का कौया पहले बनाकर रख लें।

फिर आग्नेयादि रोपण क्रम से उनके पास उड़द भात दध्योदन की बलि देवें।

अग्निकोणीय शंकु के पास बलि रखकर ये बोलें-

ॐ अग्निभ्योऽत्यथ सर्पेभ्यो ये चान्ये तान् समाश्रिता:।
बलि तेभ्य: प्रयच्छामि पुण्यमोदनमुत्तमम्।

नैर्ऋत्यकोण में बलि रखकर बोले-

ॐ नैऋत्याधिपतिश्चैव नैऋत्यां ये च राक्षसा।
बलि तेभ्य: प्रयच्छामि पुण्यमोदनमुत्तमम्॥

वायव्य कोणे बलि-

नमो वै वायुरक्षोभ्यो, ये चान्ये तान् समाश्रिता:
बलि तेभ्य: प्रयच्छामि पुण्यमोदनमुत्तमम्॥

ऐशानकोणीय बलि देव तब बोले-

ॐ रूद्रेभ्यश्चैव सर्पेभ्यो ये चान्ये तान् समाश्रिता:।
बलिं तेभ्य: प्रयच्छामि गृह्णान्तु सततोत्सुका:॥

पश्चात् 'शंकुदेवताभ्यो नम:, बलिं समर्पयामि॥ शंकुदेवताभ्यो नम:," इति नाममंत्रेण पंचोपचारै: पूजनम्।

इनकी पूजा करें। पश्चात् वास्तुपीठ पर वस्त्र फैलाकर पश्चिम से पूर्व तक 'उदक् संस्था समा नवरेखा: पूजनम्'।

ॐ लक्ष्म्यै नम:। यशोवत्यै नम:। कान्तायै नम:। सुप्रियायै नम:। विमलायै नम:। शिवाय नम:। सुभगायै नम:। सुमत्यै नम:। इड़ायै नम:॥

फिर दक्षिण से उत्तर की ओर नवरेखा देवता पूजन:-

धान्यायै नम:। प्राणायै नम:। विशालायै नम:। स्थिरायै नम:। भद्रायै नम:। जयायै नम:। निशायै नम:।

विरजायै नमः। विभवायै नमः।

पीछे- मनोजूतिर्जुषता० इत्यादि मंत्र से प्रतिष्ठा करके-

''ॐ रेखादेवताभ्यो नमः'

इस नाम मंत्र से पंचोपचार पूजा कर दे

ततो वास्तुमंडलदेवता-स्थापनं प्रतिष्ठापनम्।

ताम्रकलश पूर्वोक्त विधि से स्थापित करके उस पर स्वर्ण या रजतमयी वास्तु प्रतिमा स्थापित करके आगे का संकल्प बोलें-

देशकालौ संकीर्त्य अमुकगोत्रोत्पन्नो अमुकशर्माहं (सपत्नीकोऽहं) अस्यां वास्तूमूर्तौ अवघातादि दोषपरिहार्थे अग्न्युत्तारणं देवतासान्निध्यार्थं च प्राणप्रतिष्ठाँ करिष्ये।

अब मूर्ति को पात्र में रखकर धृत लगाकर पंचामृत से सन्तत धारा देवें। तब बोलें-

ॐ समुद्रस्य त्वावकयाग्ने परि व्ययामसि। पावको अस्मभ्यꣳ शिवोभव।। ॐ प्राणदा अपानदा व्यानदा वर्चोदाः वरिवोदाः। अन्यांस्ते। अस्मत्तपन्तु हेतयः पावको अस्मभ्यꣳ शिवो भव।।

इस प्रकार आग्न्युत्तारण (पंचामृतधारा देकर) करके मूर्ति को वामहस्त में लेकर दक्षिण हाथ से ढक आगे के मन्त्रों से प्राण प्रतिष्ठा करे।

ॐ आं ह्रीं क्रौं यं रं लं वं शं षं सं हं क्षं हं सः सोऽहं अस्य वास्तुमूर्तेः प्राणा इह तिष्ठन्तु।

ॐ आं ह्रीं क्रौ यं रं लं वं शं षं सं हं क्षं हं सः

सोऽहं अस्य वास्तुमूर्तेर्जीव इह स्थितः।

ॐ आं ह्रीं क्रौं यं रं लं वं शं षं सं हं क्षं हं सः सोऽहं अस्य वास्तुमूर्ते वाङ्मनस्त्वक् चक्षुश्रोत्रजिह्वाघ्राणपाणिपाद पायुपस्थानि इहागत्य सुखं चिरतिष्ठन्तु स्वाहा॥

ॐ मनोजूति० से प्रतिष्ठा करके बोले-

अस्यै प्राणा प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणा वायांतु (क्षरन्तु) च। अस्यै देवत्वमचार्यैं माम हेतीतिं कश्चन। वास्तुपुरूष प्रतिष्ठितो वरदो भव॥

मूर्ति को कलश पर रखकर बोले-

ॐ वास्तोष्पते प्रतिजानी ह्यस्मान् स्वावेशो अनमीवो भवानः। यत्वेमहे प्रतितन्नो जुषस्व शन्नो अस्तु द्विपदे शं चतुष्पदे॥ 'वास्तुपुरूषाय नमः' मंत्र से आह्वान करके अर्घ्यं दे। प्रार्थना करें:-

पूज्योऽसि त्रिषु लोकेषु यज्ञ रक्षादि हेतवे।
त्वां विनानार्चनं सिध्येद्यज्ञ दानादिषु क्वचित्॥
अयोने भगवान् भर्ग- ललाटस्वेद सम्भव।
गृहाणार्घ्यं मया दत्तं वास्तोः स्वामिन्नमोस्तु ते

पश्चात् पायस (पेड़ आदि की) बलि देवे। इसी प्रकार 'शिखिने नमः' इत्यादि सबकी बलि देवें।

१ ॐ शिखिने नमः शिखिनमावाहयामि स्थापयामि। पायसन्न बलिं च समर्पयामि।

२ ॐ पर्जन्याय नमः, पर्जन्यमावाहयामि स्थापयामि०।

३ ॐ जयंताय नमः, जयंतं। ४ ॐ कुलिशायुधाय नमः।

५ ॐ सूर्याय नमः। ६ ॐ सत्याय नमः।

७ ॐ भृशाय नमः। ८ ॐ आकाशाय नमः

९ ॐ वायवे नमः १० ॐ पूष्णे नमः

११ ॐ वितथाय नमः। १२ ॐ गृहक्षताय नमः।

१३ ॐ यमाय नमः। १४ ॐ गन्धर्वाय नमः।

१५ ॐ भृंगराजाय नमः १६ ॐ मृगाय नमः।

१७ ॐ पितृभ्यो नमः। १८ ॐ दौवारिकाय नमः

१९ ॐ सुग्रीवाय नमः। २० ॐ पुष्पदंताय नमः।

२१ ॐ वरूणाय नमः। २२ ॐ असुराय नमः।

२३ ॐ शोषाय नमः। २४ ॐ पापाय नमः।

२५ ॐ रोगाय नमः। २६ ॐ अहये नमः।

२७ ॐ मुख्याय नमः। २८ ॐ भल्लाटाय नमः।

२९ ॐ सोमाय नमः। ३० ॐ सर्पाय नमः।

३१ ॐ आदित्यै नमः। ३२ ॐ दित्यै नमः।

३३ ॐ अद्भ्यो नमः (आपाय नमः)

३४ ॐ सावित्राय नमः। ३५ ॐ जयाय नमः।

३६ ॐ रूद्राय नमः। ३७ ॐ अर्यम्णे नमः।

३८ ॐ सवित्रे नमः। ३९ ॐ विवस्वते नमः।

४० ॐ विबुधाधिपाय नमः

४१ ॐ मित्राय नमः। ४२ ॐ राजक्ष्यमणे नमः।

४३ ॐ पृथ्वीधराय नमः। ४४ ॐ आपवत्साय नमः।

४५ ॐ ब्रह्मणे नमः। ४६ ॐ चरक्यै नमः।

४७ ॐ विदार्यै नमः। ४८ ॐ पूतनायै नमः।

४९ ॐ पापराक्षस्यै नमः। ५० ॐ पूर्वे स्कन्दाय नमः।

५१ ॐ दक्षिणे अर्यम्णे नमः।

५२ ॐ पश्चिमे जृम्भकाय नमः।

५३ ॐ उत्तरे पिलिपिच्छाय नमः।

५४ ॐ पूर्वे इन्द्राय नमः।

५५ ॐ आग्नेय्यां अग्नेय नमः।

५६ ॐ दक्षिण यमाय नमः।

५७ ॐ नै० नैर्ऋतये नमः।

५८ ॐ पश्चिमे वरूणाय नमः।

५९ ॐ वाय० वायवे नमः।

६० ॐ उत्तरे कुबेराय नमः।

६१ ॐ ईशान्यां ईश्वराय नमः।

६२ ॐ ब्राह्मणे नमः

६३ ॐ अनंताय नमः।

मनोजूति० से प्रतिष्ठा पीछे पूजन करें।

सर्वेभ्यो वास्तुमंडल देवताभ्यो नमः पायसबलिं (पेड़ा-बलि) दधिमाषभक्त दीससहितं समर्पयामि। न ममं।

पीछे प्रार्थना करें।

मंत्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिश्रद्धा विवर्जितम्।
यत्पूजितं मया देव पूरिपूर्ण तदस्तु मे॥
नमस्ते वास्तु देवेश सर्वदोष हरो भव।
शांति कुरू सुखं देहि सर्वान् कामान् प्रयच्छ मे॥
पश्चात् ससुवर्ण नारिकेलं वास्तु पुरूषाय समर्प्य प्रणमेत्॥

रक्षोघ्न तथा पवमान सूक्तो से जल दुग्ध की धारा देते हुए त्रिसूत्री को मंडप के लपेट देवें।

रक्षोघ्न सूत्र मंडप प्रवेश प्रकरण में मुद्रित है, उसे देखकर बोलें-
नोट:- निखनन करना हो तो उसी दिशा में खड्डा खोद कर करें।

वास्तुपूजने पक्षत्रयम्-

१ वास्तुदेवतापूजन बलिदानहोम प्रतिमा निखननांत प्रथमो मुख्य:।

२ प्रतिमानिखनन रहितो मात्स्योक्तो मध्यम:।

३ पूजाबलिदानमात्र: शरदोक्त: कनिष्ठ। तत्र मण्डपे बलिरेव,

न होमादि इति जीर्ण सम्प्रदायानुगतः शारदोक्त एवं गृह्यते। साधारणश्चैवं।

प्रतिष्ठाप्रभुः (स्मार्त प्रभुः) ४६ तमे पृष्ठे टिप्पण्याम।

(१) वास्तु में पूजन, बलिदान, होम और प्रतिमा निखनन इन सबका होना उत्तम कोटि का है। (उत्तम)

(२) प्रतिमा निखनन रहित पक्ष मात्स्योक्त है। (मध्यम)

(३) पूजा बलिदान मात्र शारदोक्त है। (साधारण है)

जैसी सुविधा हो वैसा ही करा दे। प्रत्येक की बलि न दे सकें तो एक महाबलि शिख्यादि को दे देने का विधान भी प्रतिष्ठा कौमुदी में लिखा है। मंगवाने का पता: **श्री सरस्वती प्रकाशन, सैन्ट्रल बैंक के पीछे, पुरानी मण्डी, अजमेर**

वायव्य पीठे

अथ चतुःषष्टियोगिनी स्थापनादि

ॐ आवाहयाम्यहं देवीं योगिनीं परमेश्वरीम्।
योगाभ्यासेन संतुष्टां परध्यान समन्विताम॥१॥
दिव्यज्वालाति संकाशा दिव्यज्वालाति लोचना।
मूतिमती ह्यमूर्ता च उग्रा चैवोग्र रूपीणी॥२॥
यज्ञे निर्विघ्नतां कृत्वा श्रेयो यच्छन्तु मातरः।
दिव्ययोगा महायोगा सिद्धियोगा गणेश्वरी॥३॥
प्रेताक्षी डाकिनी काली कालरात्रि निशाचरी।

हूंकारी सिद्धि वैताली खर्परी भूतयामिनी ॥
ऊर्ध्वकेशी विरूपाक्षी शुष्कांगी मासंभोजनी ।
फेत्कारी वीरभद्राक्षी धूम्राक्षी कलहप्रिया ॥
रक्ता च घोररक्ताक्षी विरूपाक्षी भयंकरी ।
चौरिका मारिका चंडी वाराही मुंडधारिणी ॥
भैरवी चक्रिणी क्रोधा दुर्मुखी प्रेतवाहिनी ।
कंटकी दीर्घलंबोष्ठी मालिनी मंत्रयोगिनी ॥
कालाग्नि मोहिनी चक्री कंकाली भुवनेश्वरी ।
कुंडलाक्षी जुही लक्ष्मी यमदूती करालिनी ॥
कौशिकी भक्षणी यक्षी कौमारी यंत्रवाहिनी ॥
विशाला कामुकी व्याघ्री यक्षिणी प्रेतभूषणी ॥
धूर्जटा विकटा घोरा कपाला चैव लांगली ।
चतुःषष्टिः समाख्याता योगिन्यो हि वरप्रदाः ॥
त्रैलोक्ये पूजिता नित्यं देवमानव योगिभिः ।
ॐ भूर्भुवः स्वः योगिन्य इहागच्छत इहतिष्ठत ॥

इस मंडल पर तीन प्रतिमायें तीन कलशों या दियों पर स्थापित करें। प्राण प्रतिष्ठा पूर्ववत् कर महाकाली, महालक्ष्मी महासरस्वती का आवाहन पूजन के साथ चौसठ योगिनियों की पूजा करें।

६४ चतुःषष्टियोगिनीनामआवाहनम्

दिव्ययौगायै नमः। महायोगायै नमः। सिद्धियोगायै नमः। गणेश्वर्यै नमः। प्रेताक्ष्ये नमः। डाकिन्यै नमः। काल्यै नमः।

कालरात्रये नमः। निशाचर्यै नमः। हुंकायै नमः। सिद्धवैताल्ये नमः। खर्पर्यै नमः। भूतयामिन्यै नमः। ऊर्ध्वकेश्यै नमः। विरूपाक्ष्यै नमः। शुष्कांग्यै नमः। मांसभोजिन्यैं नमः। फेत्कार्यैं नमः। वीरभद्राक्ष्यै नमः। धूम्राक्ष्यै नमः। कलहप्रियायै नमः। रक्तायै नमः। घोर रक्ताक्ष्यै नमः। विरूपाक्ष्यै नमः। भयंकर्यै नमः। चौरिकाये नमः। मारिकायै नमः। चंडिकायै नमः। वाराह्यै नमः। मुण्डधारिण्यै नमः। भैरव्यै नमः। चक्रापाण्यै नमः। क्रोधायै नमः। दुर्मुज्यै नमः। प्रेतवाहिन्यै नमः। कंटक्यै नमः। दीर्घलंबोष्ठयै नमः। मालिन्यै नमः। मंत्रयोगिन्यै नमः। कालाग्न्यै नमः। मोहिन्यै नमः। चक्रयै नमः। कंकाल्ये नमः। भुवनेश्वर्यै नमः। कुण्डलाक्ष्यै नमः। जुह्यै नमः। लक्ष्म्यै नमः। यमदत्यै नमः। करालिन्यै नमः। कौशिक्यै नमः। भक्षिण्णै नमः। यक्षिण्यै नमः। कौमार्यें नमः। यंत्रवाहिन्यै नमः। विशालायै नमः। कासुक्यै नमः। व्याघ्रयै नमः। यक्षिण्यै नमः। प्रेतभूषण्यै नमः। धूर्जट्यै नमः। विकटायै नमः। घोरायै नमः। कापलायै नमः। लांगल्यै नमः। चतुः षष्टियोगिन्यः।

क्षेत्रपाल नामावली आवाहनम्

क्षेत्रपाल ४९ कोष्ठों का बनाकर एक कलश मध्य में रखकर आवाहन

(१) ॐ क्षेत्रपालाय: नमः।२। अजराय नमः।३। व्यापकाय नमः।४। इन्द्रचौराय नमः।५। वरुणाय नमः।६। उक्षाय नमः।७। कूष्मांडाय नमः।८। वरुणाय नमः।९। बटुकाय नमः।१०। विमुक्ताय नमः।११। लिप्तकायाय नमः।१२। लीलाकाय नमः।१३। एकदंश्ट्राय नमः।१४। एरावताय नमः।१५। औषधिघ्नाय नमः॥१६॥ बन्धनाय नमः॥१७॥ दिव्यकायाय नमः॥१८॥ कंवलाय नमः॥१९॥ भीषणाय नमः॥२०॥ गवयाय नमः॥२१॥ घण्टाय नमः॥२२॥ व्यालाय नमः॥२३॥ अणवे नमः॥२४॥ चन्द्रवारुणाय नमः॥२५॥ पटाटोपाय नमः॥२६॥ जटालाय नमः॥२७॥ क्रतवे नमः॥२८॥ घन्टेश्वराय नमः॥२९॥ विटङ्काय नमः॥३०॥ मणिमानाय नमः॥३१॥ गणबन्धवे नमः॥३२॥ डामराय नमः॥३३॥ ढुण्डिकर्णाय नमः॥३४॥ स्थविराय नमः॥३५॥ दन्तुराय नमः॥३६॥ धनदाय नमः॥३७॥ नागकर्णाय नमः॥३८॥ महाबलाय नमः॥३९॥ फेत्काराय नमः॥४०॥ चीत्काराय नमः॥४१॥ सिंहाय नमः॥४२॥ मृगाय नमः॥४३॥ यक्षाय नमः॥४४॥ मेघवाहनाय नमः॥४५॥ तीक्ष्णौष्ठाय नमः॥४६॥ अमलाय नमः॥४७॥ शुल्कतुन्डाय नमः॥४८॥ सुधापालाय नमः॥४९॥ बर्बराय नमः।५० पवनाय नमः।५१।

पावनाय नमः।५२। युधामन्यवे नमः ।।

(५२ भैरव) सहिताभ्यः क्षेत्रपालदेवताभ्यो नमः।।

इस प्रकार पूजा करके अन्त में बोले

अनेन पूजनेन क्षेत्रपालाः प्रीयन्ताम्

कई स्थानों पर ४१ ही की पूजा की जाती है।

अथ षोडषस्तंभ पूजाविधानम्

संकल्प

ॐ अद्येत्यादि अमुकशर्माहं अस्य देवस्य प्रतिष्ठाकर्मणि करिष्णमाण-यज्ञार्थं वरुणविधिना षोडशवरुण पूजनपूवकं सस्थूण-शक्ति नागमातृक ब्रह्मादि षोडशस्तम्भपूजनमहं करिष्ये।

अन्तरीशाने पूर्व वरुणपूजां कृत्वा। ब्रह्मादि देवतानामावाहन पूजनादि। ॐ ब्रह्म जज्ञानसि ति गौतम ऋषिः त्रिष्टुपछन्दो ब्रह्मदेवता ब्रह्माऽऽवाहने विनियोगः।

इससे जल छोड़कर

एह्येहि विप्रेन्द्र पिता महेश हंसाधिरूढ त्रिदशैक वन्द्य।
श्वेतोष्पलाभास कुशाम्बुहस्त गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते।।

ॐ ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद० पूरा मन्त्र बोलकर--

ॐ भूर्भवः स्वः ब्रह्मदैवत्त संज्ञक स्तम्भेहागच्छ।

सस्थूणनाग मातृकाय ब्रह्मदैवत संज्ञक स्तम्भाय नमः।

(पाद्यादि से पूजा करें)

कृष्णाम्बराऽजिनधर पद्मासन चतुर्भुज। जटाधर जगद्धातः प्रसीद कमलोद्भव। ॐ सावित्र्यै नमः। ब्राह्मयैनमः। गंगायै नमः।

इससे पूजा करके स्तम्भ का आलभन करके बोले--

ॐ ऊर्ध्व उषुण ऊतये तिष्ठा देवो नः सविता। ऊर्ध्वो वाजस्य सनिता यदञ्जिभिर्वाघदिभर्विह्वयामहे॥

"स्तंभशिरसि नागमात्रे नमः" सम्पूज्य शाखां बद्ध्वा

ॐ आयंगौः पृश्निरक्रमीद सदन् मातरं पुरः पितरं च प्रयन्त्स्वः। क्षमापनम्। ॐ यतोयतः समीहसे ततो नो अभयं करु। शन्नः कुरु प्रजाभ्योऽभयं नः पशुभ्यः॥ ॐ वनस्पतिरसोद्भूतो निर्मितो विश्वकर्मणा। स्थिरो भवात्र रक्षार्थं यावत्कर्म समाप्तये॥१॥

अन्तराग्नेये--इदं विष्णुरिति मेधातिथिर्ऋषिः गायत्री छन्दो विष्णुर्देवता विष्णुआवाहने विनियोगः आवाहन-एह्येहि नारायण दिव्यमूर्ते, सर्वामरैरर्चितपादपद्म शुभाशुभानंद शुचामधीश, गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते॥ ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमेति० (मन्त्र बोले) ॐ भूर्भुवः स्वः. विष्णं

इहागच्छ इहतिष्ठ। विष्णवे नमः (इससे पूजा करें) प्रार्थना देवदेव जगन्नाथ विष्णो यज्ञपते विभो। पाहिदुःखांबुधेस्मान् भक्तानुग्रह कारक॥ वहीं पर लक्ष्मी आदि की पूजा। ॐ लक्ष्म्यै नमः। नन्दायै नमः। वैष्णव्यै नमः। पूजा करके पूर्ववत् ऊर्ध्व उषुण० इत्यादि मंत्र बोले॥२॥

(यह पूरा मंत्र सब पूजा में बोला जायेगा)

नैऋत्ये-नमस्ते इति परमेष्ठीऋषिर्गायत्रीछन्दो रुद्रो देवता रुद्रावाहनेविनियोगः॥ आवाहन-एह्येहि गौरीश पिनाकपाणे शशाङ्कमौलेवृषभाधिरूढ। देवाधिदेवेश महेश नित्यं गृहाण पूजां भगवन् नमस्ते॥

नमस्ते रुद्रमन्यव उतोत ऽ इषवे नम०। (पूरा मंत्र बोले)

ॐ भूर्भुवः स्वः रुद्रः इहागच्छ इहः तिष्ठ। रुद्राय नमः इति संपूज्य प्रार्थयेत्॥ पंचवक्त्र् वृषारूढ त्रिलोचन सदाशिव। चंद्रमौले महादेव मम स्वस्ति करो भव॥ माहेश्वर्यै नमः। गौर्यै नमः। ॐ शौभानायै नमः।

पूजा करके (ऊर्ध्व०) इत्यादि मन्त्र बाले॥३॥

वायव्ये त्रातारमिति गर्गऋषिस्त्रिष्टुप् छन्द इन्द्रो देवता इन्द्रावाहने विनियोगः। आवाहन-एह्येहि वृत्रघ्न गजाधिरूढ सहस्त्रनेत्र त्रिदशैकवन्द्य। शचीपते चक्र सुरेश नित्यं गृहाण

पूजां भगवन्नमस्ते।। ॐ त्रातारमिन्द्रं। (इत्यादि मंत्र) भूर्भुवः स्वः इन्द्र इहागच्छ इह तिष्ठ। इन्द्राय नमः।

मंत्र से पूजा करके प्रार्थना करें-- **देवराज गजारूढ़ पुरदर शतक्रतो। वज्रहस्त महाबाहो वांछितर्थप्रदो भव।।**

इन्द्राण्यै नमः। आनन्दायै नमः।। विभूत्यै नमः।।

पूजा करके ऊर्ध्व इत्यादि मन्त्र बोले।।४।।

बहिरीशाने--चित्रमिति कुत्सऋषिविराट् छन्दः सूर्यों देवता सूर्यावाहने विनियोगः। एह्येहि सप्ताश्व सहस्रभानो सिंदूरवर्ण प्रतिमावभास। छायापते सूर्य दिनेश नित्यं गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते।। ॐ चित्रं देवानां (पूरा मंत्र)

भूर्भुवः स्वः सूर्य इहागच्छ। सूर्याय नमः। (इस मंत्र से पूजा करके प्रार्थना करें) **पद्महस्त रथारूढ़ पद्मासन सुमंगल। क्षमा कुरु दयालो त्वं ग्रहराज नमोस्तु ते। सावित्र्यौ नमः। मंगलायै नमः। भृत्यै नमः।**

इनसे पूजा करके उर्ध्व आदि मन्त्र को बोल दें।।५।।

ईशानपूर्वयोर्मध्यें-गणानां त्वेनि प्रजापतिर्ऋषिः यजुश्छन्दो गणपति देंवता गणपत्यावाहने विनियोगः। आवाहनम्। एह्येहिहेरम्ब महेश पुत्र समस्त विघ्नौपविनाशदक्ष। मांगल्यपूजा प्रथम प्रधान गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते।।

गणानां त्वां०।। : भूर्भुवः स्वः गणपते इहागच्छ।

गणपतये नमः। (इससे पूजा करके प्रार्थना करें) लम्बोदरं नमस्तुभ्यं सततं मोदकप्रिय। अविघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥ ॐ विघ्नहारिण्यै नमः। जयायै नमः। सरस्वत्यै नमः। इनसे पूजा करके (उर्ध्व इत्यादि मंत्र बोल दे।) ॥६॥

पूर्वाग्नेययोर्मध्ये-नमोऽस्त्विति देवश्रवाऋषिः स्त्रिष्टुप् छन्दो अनन्तो देवताऽनन्तावाहने विनियोगः। एह्येहि नागेन्द्र धरामरेश नागाङ्गना किन्नर गीयमान। अनन्त यक्षौरंगलोकसंघैर्गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते। ॐ नमोस्तु सर्पेभ्यो०। ॐ भूर्भुवः स्वः अनन्त इहागच्छ, इहतिष्ठ। अनंताय नमः। (इससे पूजा करके) प्रार्थना-आशीविषसमोपेत नागकन्या-विराजित। पाहि यज्ञमिमं देव फणसप्तक मण्डित॥ ॐ अधरायै नमः। पद्मायै नमः। महापद्मायै नमः। पूजा के अनन्तर ऊर्ध्व इत्यादि मंत्र पूर्ववत् बोले॥७॥

बाह्याग्नेये-ॐ यदक्रन्द इति भार्गव-जमदग्नि दीर्घतमसऋषयः। त्रिष्टुप् छन्द स्कन्दो देवता स्कन्दावाहने विनियोगः। (आवाहन) एह्येहि गौरीसुत देवदेवषत्कृत्तिकारक्षित-देहयष्टे। मयूरवाह प्रणतार्तिहारिन् गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते॥ ॐ यदक्रन्दः प्रथमं जायमान ऽउद्यन्त्समुद्रादुत वा पुरीषात्। श्येनस्य पक्षा हरिणस्य बाहू ऽ उपस्तुत्यं महि जातं ते ऽअर्वन्॥ ॐ भूर्भुवः स्वः स्कन्द, इहागच्छ। स्कंदाय नमः। (इससे पूजा करके प्रार्थना करें।)

मयूरवाहन स्कन्द गौरीसुत षडानन। कार्तिकेय महाबाहो दयां कुरु दयानिधे॥ ॐ जयायै नमः। विजयायै नमः। पश्चिमसंध्यायै नमः। पूज्रा करके ऊर्ध्व० इत्यादि मंत्र बाले॥८॥

आग्नेयदक्षिणयोर्मध्यै-ॐ यमाय त्वेति दध्यङ्ङाथर्वणऋषिर्यजुश्छन्दो यमो देवता यमावाहने विनियोग:। (आवाहन) एह्येहि वैवस्वत धर्मराज सर्वामरैरर्चित धर्ममूर्ते। विशालवृक्षः स्थल रुद्र रुप गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते॥ ॐ यमाय त्वा मखाय त्वा सूर्यस्य त्वा तपसे। देवस्त्वा सविता मध्वानक्तु पृथिव्याः स ७स्पृशस्पाहि। अर्चिरसि शोचिरसि तपोऽसि॥ ॐ भूर्भुवः स्वः यमेइहागच्छ यमाय नमः। (इससे पूजा करके प्रार्थना करे) धर्मराज महाकाय दण्डहस्त वरप्रद। रक्तेक्षण महाबाहो पाहि यज्ञं नमोस्तु ते॥ ॐ पूर्वसंध्यायै नमः। क्रूरायै नमः। नियन्त्र्यै नमः।

पूजा करके ऊर्ध्व मंत्र इत्यादि बोले॥९॥

दक्षिणनैऋत्यमध्ये-वायुरिति वसिष्ठऋषि, त्रिष्टुप छन्दो वायुर्देवता वाय्वाहने विनियोग:। (विनियोग करके आवाहन) एह्येहि वायो मम रक्षणाय मृगाधिरूढः सह सिद्ध संघैः। प्राणाधिपः कालकवेः सहाय गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते। ॐ वायुरग्रेगाः यज्ञपीः साकं गन्मनसा यज्ञम्। शिवो नियुद्भिः शिवाभिः॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वायो इहागच्छ॥ वायवे नमः

(मंत्र से पूजा करके प्रार्थना करें) नमो धरणिपृष्ठस्थ ध्वजधारिन् समीरण। पाहि यज्ञमिमं देव प्रसन्नो भव में सदा। ॐ तीव्रायै नमः। गायत्र्यै नमः। वायव्यै नमः। (पूजा करके ऊर्ध्व इत्यादि मंत्र बोले) ॥१०॥

नैर्ऋत्ये-सोममिति बधुर्ऋषिः गायत्रीछन्दः सोमो देवता सोमावाहने विनियोगः। (विनियोग करके आवाहन) एह्येहि सोमाध्वर देवदेव विधत्स्व रक्षां भगणेन सार्धम्। योगस्य सर्वौषधि-पितृयुक्त गृहाण पूजा भगवन्नमस्ते॥ ॐ सोम ऽराजनमवसेऽग्नि मन्वारभामहे। आदित्यान् विष्णु ऽ सूर्य ब्रह्माणं च बृहस्पति ऽ स्वाहा। ॐ भूर्भुवः स्वः सोम इहागच्छ। सोमाय नमः (इससे पूजा करके प्रार्थना करे) क्षीरार्णव समुद्भूत द्विजराज सुधाकर। सोम त्वं सौम्यभावेन ग्रहपीडां निराकुरु॥ ॐ सावित्र्यै नमः। अमृतकालायै नमः। विजयायै नमः। पूजन करके ऊर्ध्व इत्यादि मंत्र बोले॥११॥

पश्चिमनैर्ऋत्ययोर्मध्ये--इमं में वरुणेति वत्सऋषिः बृहती छन्दो वरुणो देवता वरुणावाहने विनियोगः। (आवाहन) एह्येहि यादोगणवारिधीश पर्जन्य-देवाप्सरसां मणेन विद्याधरेन्द्रामरगीयमान गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते॥ ॐ इमं मे वरुण श्रुधि हवमद्या च मृडय त्वामवस्युराचक्रे॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुण इहागच्छ। वरुणाय नमः (इससे पूजा करके प्रार्थना करे)

शंखस्फटिकवर्णाभ श्वेतहाराम्बरावृत। पाश हस्त महाबाहो वरुण त्वं कृपां करु॥ ॐ वारुण्यैनमः। बार्हस्पत्यै नमः। पाशधारिण्यै नमः। पूजा करके ऊर्ध्व इत्यादि मंत्र बोले॥१२॥

पश्चिमवायव्यमध्ये-सुगाव इति वशिष्ठऋषिः गायत्री छन्दः। वसुर्देवता वस्वावाहने विनियोगः। (जल छोड़कर आवाहन करें) एह्येहि देवेश्वर दिव्यदेह वसो प्रसन्नात्म दृगष्टमूर्ते॥ ममास्य यागस्य सुरक्षणार्थ गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते॥ ॐ सुगावो देवाः सदना ऽअकर्म य ऽ आजग्मेद ऽसवनं जुषाणाः। भरमाणा वहमानाहर्वींऽष्यस्मे धत्त वसवो वसूनि स्वाहा। ॐ भूर्भुवः स्वः वसो इहागच्छ। वसवे नमः (से पूजाकर प्रार्थना (करें) दिव्यवस्त्राष्टमूर्ते त्वं दिव्यदेह धर प्रभो। पाहि यज्ञमिमं सर्व वरदं त्वां नमाम्यहम्। ॐ विनतायै नमः। गरिमायै नमः। सम्भूत्यै नमः॥

इनसे पूजा करके ऊर्ध्व इत्यादि मंत्र बोल दे॥१३॥

वायव्ये-सोमो धेनुमिति गोतमऋषिः त्रिष्टुप छन्दो धनदो देवता धनदावाहने विनियोगः (जल छोड़कर आवाहन करे) एह्येहि रक्षोगणनायक त्वं विशाल बेताल पिशाच संघैः। ममध्वरं पाहि कुबेर देव गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते॥ ॐ सोमो धेनु ऽसोमो ऽअर्वन्तमाशु ऽसोमो वीरं कर्मण्यं ददाति। सादन्यं विदथ्थ ऽसभेयं पितृश्रवणं यो ददाशदस्मै॥ ॐ भूर्भुवः स्वः धनदा इहागच्छ। धनदाय नमः (इससे पूजा करके प्रार्थना

करें) दिव्यदेह धनाध्यक्ष पीतहाराम्बरावृत। उत्तरेश महाबाहो वांछितार्थप्रदो भव।। ॐ आदित्यै नमः। सिनीवाल्यै नमः। लघिमायै नमः।

पूजा करके ऊर्ध्व इत्यादि मंत्र बोले॥१४।

उत्तरवायव्यमध्ये-बृहस्पते इति गृत्समदऋषिः, त्रिष्टुप छन्दो बृहस्पतिर्देवता बृहस्पत्यावाहने विनियोगः। (जल छोड़कर आवाहन करे) एह्येहि देवेन्द्रगुरो मखेश बृहस्पते यज्ञपते सुयागे। रक्षार्थ मंत्रोपविशानुकम्पिन् गृहाण पूजा भगवन्नमस्ते।। ॐ बृहस्पते अति यदर्य्यो० इति। ॐ भूर्भुवः स्वः बृहस्पते अत्रागच्छ। बृहस्पते नमः। (इससे पूजा करके प्रार्थना करे) देवाचार्य यथाशक्त्या पूजितोसि मया मुद्रा। क्रूरग्रहोपशातिं त्वं कुरु नित्यं नमोस्तु ते।। ॐ पौर्णमास्यै नमः। वेदमात्रे नमः। सन्नत्यै नमः।

इनसे पूजा करके ऊर्ध्व आदि मंत्र बोले॥१५॥

उत्तरेशानयोर्मध्ये-विश्वकर्मन्निति शासऋषिः, त्रिष्टुप छन्दो विश्वकर्मा देवता विश्वकर्मावाहने विनियोगः। (जल छोड़े, फिर आवाहन करें) एह्येहि शिल्पीश्वर विश्वकर्मन् मूर्त्यादि निर्माण करैकमुख्य। दोर्दण्डसंसाधित सर्व शिल्प गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते।। ॐ विश्वकर्मन् हविषा वर्द्धनेन त्रातारमिन्द्रं कृणोरवध्यम्। तस्मै विशः समनमंत पूर्वीरयमुग्रो विहव्यो यथासत्। ॐ भूर्भुवः स्वः विश्वकर्मन्निहागच्छ।

विश्वकर्मणे नमः (इससे पूजा करके प्रार्थना करे) **विश्वकर्मन् प्रसीद त्वं शिल्पशास्त्र विशारद। दण्डपाणे महाबाहो तेजोमूर्तिधर प्रभो॥ ॐ वास्तुदेवतायै नमः। वैश्यकर्मण्यै नमः। शारदायै नमः।**

इससे पूजा करके ऊर्ध्व इत्यादि मंत्र बोले॥१६॥

फिर प्रार्थना

जितं ते पुण्डरीकाक्ष नमस्ते विश्वभावन।
नमस्तेऽस्तु हृषीकेश महापुरुष पूर्वज।

पश्चात् दही, उड़द, चांवलों का बलिदान--

बाहर पूर्व में--ॐ त्रातारमिति गर्गऋषिस्त्रिष्टुप् छन्द इन्द्रो देवता सदीप दधिमाषभक्त-बलिदाने विनियोगः। (जल छोड़ के) ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिद्र ںहवे हवे सुहव ںशूरमिन्द्रम्। ह्वयामि शक्रं पुरुहूतमिन्द्र ںस्वस्ति नो मघवा धात्विन्द्र॥ ॐ भूर्भुवः स्वः इन्द्र इहागच्छ। इन्द्राय नमः। इदं सदीपदधिमाषभक्तबलये नमः। (पूजा करके जल छोड़े) दधिमाषौदनैर्युक्तं सदीपं बलिमुत्तमम्। सर्वविघ्न प्रणाशाय गृहाणेन्द्रवर प्रद॥ (मंडले सप्रवक्ष्यामि मिया भक्त्या निवेदितम्। इदमर्ध्यमिदं पाद्यं दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम्। (अग्नये)- त्वन्नो अग्ने इति हिरण्यस्तूप ऋषि त्रिष्टुप्छन्दो अग्निर्देवता सदीपदधिमाषभक्त बलिदाने विनियोगः। ॐ त्वं नो अग्ने वरुणस्य विद्वान् देवस्य हेडो अवयासिष्ठाः। यजिष्ठो

वह्नितम शोशुचानो विश्वा द्वेषाऽसि प्रमुमुग्ध्स्मत् स्वाहा। ॐ भूर्भुव: स्व: अग्ने इहागच्छ। अग्नये नम:। सदीपमाषभक्तबलये नम:। (पूजा करके जल छोड़े) दधिमाषौदनैर्युक्तं सदीपं बलिमुत्तमम्। गृहाणाग्ने महाबाहों रक्षोविध्नं प्रणाशय।। (मंडलेति पूर्ववत् पठेत्।।२।।

दक्षिणे-असीति जमदग्निर्ऋषि:, त्रिष्टुप्छन्दो यमो देवता सदीपदधिमाषभक्तबलिदाने विनियोग:। (जल छोड़कर) ॐ असि यमो अस्यादित्यो अर्वन्नसि त्रितो गुह्येन व्रतेन। असि सोमेन समया विपृक्त आहुस्ते त्रीणि दिवि बन्धनानि स्वाहा।। ॐ भूर्भुव: स्व: यमेहागच्छ। यमाय नम:। सदीपदधिमाषभक्तबलये नम:। (इससे पूजा करके जल छोड़े) दधिमाषोदनैर्युक्तं सदीपं बलिमुत्तमम्। यमराज गृहाण त्व सर्वदोषं निवारय।। (मण्डलेति पूर्ववत्) ।।३।

नैऋत्ये-असुन्वंतमिति विवस्नानृषिस्त्रिष्टुप् छन्दो निर्ऋतिर्देवता सदीपदधिमाषभक्तबलिदाने विनियोग: (जल छोड़े) ॐ असुन्वन्तम यजमानमिच्छ स्तेनस्येत्या मन्विहि तस्करस्य। अन्यमस्मदिच्छ सा त इत्यानमो देवि निर्ऋते तुभ्यमस्तु। ॐ भूर्भुव: स्व: निर्ऋते इहागच्छ। निर्ऋतये। सदीपदधिमाषभक्तबलये नम:।। (इससे पूजा करके जल छोड़े) दधिमाषौदनैर्युक्तं सदीपं बलिमुत्तमम्। गृहाण निर्ऋते देव सर्वान्दोषानिन्वाराय। (फिर मंडलेति पूर्ववत्) ।।४।।

पश्चिमे- तत्वायामीति शुनःशेफऋषिः, त्रिष्टुप् छन्दः, वरुणो देवता सदीपदधिमाषभक्तबलिदाने विनियोगः (इससे जल छोड़कर मंत्र बोले) ॐ तत्वायामि ब्रह्माणा वंदमानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेडमानो वरुणेह बोध्युरुष ᳟समान आयुः प्रमोषीः। ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणेहागच्छ। वरुणाय नमः। सदीपदधिमाषभक्तबलये नमः। (इससे पूजा करके जल छोड़े) (फिर बोले) दधिमाषो दनैर्युक्त सदीपं बलिमुत्तमम्। गृहाण देव वरुण रक्षोविध्नं प्रणाशय।। (फिर मण्डलेति पूर्ववत बोले) ।।५।।

वायव्ये-आनो नियुद्भिरिति वसिष्ठऋषिः त्रिष्टुप् छन्दो वायुर्देवता सदीपदधिमाषभक्त बलिदाने विनियोगः (जल छोड़ के आगे का मंत्र बोले) ॐ आ नो नियुद्भिः शतिः नीभिरध्वर ᳟सहस्त्रिणीभिरूप याहि यज्ञम। वायो अस्मिन त्सवने मादयस्व यूयं पात स्वस्तिभिः सदा न्।। ॐ भूर्भुवः स्वः वायो इहागच्छ, वायवे नमः। सदीपदधिमाषभक्त बलये नमः। (फिर जल छोड़े और बोले) दधिमाषौदनैर्युक्तं सदीपं बलिमुत्तमम्। गृहाण वायो देवेश सर्वव्याधिक्षयं कुरु।। (फिर मण्डलेति पूर्ववत् बोले) ।।६।।

उत्तरे-वयमिति बंधुऋषिः, त्रिष्टुप् छन्दः, सोमो देवता सदीपदधिमाषभक्त बलिदाने विनियोगः (जल छोड़ के आगे के मन्त्र बोले) ॐ वय ᳟सोमव्रते तव मनस्तनूषु बिभ्रतः

प्रजावन्तः सचेमहि। ॐ भूर्भुवः स्वः सोमः इहागच्छ, सोमाय नमः। सदीपदधिमाषभक्तबलये नमः। (इससे पूजा करके जल छोड़े और बोले) **दधिमाषौदनैर्युक्तं सदीपं बलिमुत्तमम्। गृहाण सोमऋक्षेश मम शांतिकरों भव।** (मण्डलेति पूर्ववत् बाले) ॥७॥

ईशाने-ईशावास्यमिति गोतमऋषिः, जगतीछन्द, ईशानो देवता, सदीपदधिमाषभक्त बलिदाने विनियोगः (जल छोड़ के आगे के मन्त्र बोले) **ॐ ईशा वास्यमिद ँसर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्। तेन त्यक्तेन भुंजीथाः मा गृधः कस्य स्विद्धनम्॥ ॐ भूर्भुवः स्वः ईशान इहागच्छ। ईशानाय नमः।** (करके जल छोड़े फिर बोले) **दधिमाषोदनैर्युक्तं सदीपं बलिमुत्तमम्। गृहाणेशान सर्वज्ञ सर्वशत्रुक्षयं कुरु।** (मण्डलेति पूर्ववत् बोले) ॥८॥

ईशानपूर्वयोर्मध्ये--आयंगौरिति सूर्यैऋशिः गायत्री छन्दो अनन्तो देवता सदीपदधि माषभक्त बलिदाने विनियोगः। (जल छोड़कर मन्त्र बोले) ॐ आयं गौः पृश्निरक्रमीदसदन् मातरं पुरः पितरं च प्रयन्त्स्वः। ॐ भूर्भुव स्वः अनन्तेहागच्छ। अनंताय नमः। सदीपदधि माषभक्त बलये नमः। (पूजा करके जल छोड़े फिर बोले) **दधिमाषोदनैर्युक्तं सदीप बलिमुत्तमम् गृहाणानन्त नागेन्द्र सर्वान् विघ्नान् प्रणाशय॥** (पीछे मण्डलेति पूर्ववत् बोले) ॥९॥

(अब नैर्ऋत्य पश्चिम के बीच में) **ब्रह्म जज्ञानमिति**

गौतमऋषिस्त्रिष्टुप् छन्दो ब्रह्मा देवता सदीप दधिमाषभक्त बलिदाने विनियोगः (जल छोड़कर आगे का मन्त्र बोले) ॐ ब्रह्म जज्ञानं प्रथम पुरस्ताद्धि सीमत् सुरुचो वेन ऽआवः। सबुध्न्याऽउपमा ऽअस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसतश्च व्विवः। ॐ भूर्भुवः स्वः ब्रह्मन् इहागच्छ। ब्रह्मणे नमः। सदीपदधिमाषभक्तबलये नमः। (इससे पूजा करके जल छोड़े और फिर बोले) दधिमाषौदनैर्युक्तं सदीपं बलिमुत्तमम्। गृहाण ब्रह्मन् देवेश सर्वसौख्यं विवर्धय। फिर मण्डलेति पूर्ववत् बोले ।।१०।।

मण्डप के बाहर दक्षिण में

सदीप, दधि, माष, भक्त, सिन्दूर, कज्जल, रक्तपुष्प, पक्वान्न, कुंकुम बलि सोपायन रखकर

नहि स्पर्शमिति विश्वामित्रऋषिः त्रिष्टुप् छन्दः, क्षेत्रपालो देवता बलिदाने विनियोगः (इससे जल छोड़कर आगे का मन्त्र बोले) ॐ नहिं स्पर्शमविदन्न न्यमस्माद् वैश्वानरात्पुर एतारमग्नेः। एमेनमवृधन्नमृता ऽअमर्त्यम् वैश्वानरं क्षैत्रजित्याय देवाः।। ॐ भूर्भुवः स्वः क्षेत्रपालेहागच्छ। क्षेत्रपालाय नमः। बलये नमः (इससे पूजा करके जल छोड़, फिर बोले) दधिमाषौदनैर्युक्तं सदीपं बलिमुत्तमम्। गृहाण त्वं क्षेत्रपाल रक्षोविघ्नं प्रणाशय ।।

पीछे दुर्बल ब्राह्मण की पूजा करके उसको बलि देकर प्रार्थना करे--

भ्राजद्वक्त्रजटाधरं त्रिनयनं नीलांजनाद्रि प्रभम्।
दोर्दण्डान्तगदाकपालमरुणं स्रग्गंध वस्त्रवृतम्।।

घण्टाघुर्घुरमेखला ध्वनियुतं हुंकार भीमं प्रभुम्।
वन्दे संहितसर्पकुण्डलधरं श्री क्षेत्रपालं सदा।।

नमस्कार

त्रैलोक्ये यानि भूतानि स्थावराणि चराणि च।
ब्रह्मा-विष्णु-शिवैः सार्धं रक्षा कुर्वन्तु तानि मे ।।इति।।

अथ बलिकाष्ठ तोरणादिपूजन

अथ बलिकाष्ठानि पूजयेत्। यथा-ॐ नागमात्रे नमः। ऐसा बोलकर पूजे। अथ शाखोद् बन्धनानि पूजयेत्। ॐ सर्वेभ्यो शाखोद् बंधन देवताभ्यो नमः।

इससे शाखा उद्बन्धनादि की पूजा कर दे

पीछे पश्चिम द्वार से निकलकर पूर्वादि द्वार तोरणों की पूजा करें। यथा पूर्वं दिशा में मंडप के बाहर हस्तमात्र पर अश्वत्थ नामक सिन्दूर सदृश महेन्द्र पर्वत शंख सहित तोरण को स्थापित करके--

हे अश्वत्थ तोरण एनं यज्ञं रक्ष सर्वविघ्नान्निवारय। ऋग्वेदाधिष्ठिताय सुदृढतोरणाय नमः सुदृढतोरण मावाहयामि। गधं पुष्पं धूपं दीपं नैवेद्य दक्षिणां समर्पयामि। ॐ कृतयुगाय नमः इति कृतयुगं संपूज्य तत्रैव राहुं बृहस्पतिञ्च आवाहयामि। राहुं बृहपस्पतिञ्च संपूजयेत्। तत्रैकः कलशः स्थाप्य।

कलश पूजा सारी करें। ऊपर श्रीफल रखकर उस पर ध्रुव पूजा करे।

ॐ ध्रुवमावाहयामि पूजनं कुर्यात्।

अब दक्षिण में जाकर औदुम्बर का बनें विकट नामा चक्रांकित विंध्यनामगिरि युक्त धूमरंग के तोरण रखके पूजा करे यथा--

हे विकटतोरण एनं यज्ञं रक्ष सर्वविघ्नान् निवारय यजुर्वेदाधिष्ठिताय विकटतोरणाय नमः। विकटतोरणमावाहयामि। त्रैतायुगाय नमः। तत्रैव सूर्याय नमः अंगारकाय नमः। पूर्ववत् पूजनम्। कलशस्थापनं तस्मिन् कलशे धरायै नमः। धरायाः पूजनम्।

पीछे पश्चिम में प्लक्ष (छंवरे) का तोरण सुभीमाख्य स्वर्ण सदृश कान्ति वाले गन्धमादन पर्वत सहित गदा तोरण की पूजा करे यथा--

अयिं सुभीम तोरणैनं यज्ञं रक्ष सर्वविघ्नान् निवारयः। ॐ सामवेदाधिष्ठिताय सुभीमतोरणाय नमः। सुभीमतोरणमावाहयामि। सुभीततोरणाय नमः द्वापरयुगाय नमः गन्धाद्यै रुपचारैः पूजनम्। तत्रैव शुक्राय नमः। बुधाय नमः। शुक्रबुधामावाहयामि। स्थापयामि। पूजनम्। कलशे अपि पूर्ववत् स्थापयेत्। तत्र वाक्पतिं आवाहयेत् गन्धाद्यु पचारैः पूजनम्।

पीछे उत्तर में जाकर वट-वृक्ष के सुप्रभाख्य शुद्ध स्फटिक की कान्तिवाले हिमवत् पर्वत सहित पद्मांकित तोरण को स्थापित करके बोले--

एह्येहि सुप्रभ सुतोरणैनं यज्ञं रक्ष सर्वविघ्नान् निवारय। अथर्ववेदाधिष्ठिताय सुप्रभ तोरणाय नमः। कलियुगाय नमः।

गन्धादिभिः पूजनम्। तत्रैव सोममावाहयामि। केतुमावाहयामि। शनैश्चराय नमः। शनैश्चर मावाहयामि। सोमकेतुशनेश्चरेभ्यो नमः। गन्धाद्यैः पूजनम्।

तत्रैकः कलशः स्थाप्यः। तस्मिन् कलशे विघ्नेशं आवाहयामि। गन्धाद्यैः पूजयेत्। फिर ध्वजा पताकाओ की पूजा करें।

अब द्वारदर्शो की पूजा करें। यथा--

द्वारोर्ध्वे-ॐ द्वारश्रियै नमः। अधः देहल्यै नमः।

द्वारशाखाओं की पूजा इनसे करे।

ॐ पुष्पदन्ताय नमः। ॐ कपर्दिने नमः।

द्वार कलशों की पूजा इनसे करें-

ॐ गोदावर्यै नमः। कृष्णायै नमः॥ तथा द्वाराधिष्ठातृ देवेभ्यो नदीभ्यश्च नमः॥ (सब द्वारों के इसी तरह)

पश्चात् इन्द्र अग्नि यमादि लोकपालों की बली पहले दी जा चुकी हैं। सिर्फ यहां पर उन देवों की ध्वजा पताकाओं का आलंभन एवं पूजा करके सामूहिक यह मन्त्र बाले दें।

''ध्वजाय नमः पताका भ्यो नमः''

इमां पताकां रम्यां ध्वजं माल्यादि भूषितम्।
दिक्पालादयः सर्वे स्वी कुर्वन्तु कृपायुताः॥

यस्य यस्य देवस्य यो यो ध्वजः पताका वा तास्तास्ते ते देवाः स्वीकुर्वन्तु॥ इति प्रार्थना॥

पुनः बलि देवे।

अधश्चैवतु ये लोका असुराश्चैव पन्नगा।
सपत्नी परिवाराश्च प्रतिगृह्णन्त्विमं बलिम्।।
नक्षत्राधिपतिश्चैव नक्षत्रैः परिवारिताः।
स्थानं चैव पितृणां तु प्रतिगृह्णन्त्विमं बलिम्।
बलि गृह्णन्त्वि मे देवा आदित्या वसवस्तथा।
मरुतश्चाश्विनौ रुद्राः सुपर्णाः पन्नगा ग्रहाः।।
असुरायांतु धानाश्च पिशाचाः मातरो गणाः।
शाकिन्यो यक्षवेताला योगिन्यः पूतनाः शिवाः।।
जृम्भकाः सिद्धगंधर्वा नागा विद्याधरा नगाः।
दिक्पाला लोकपालाश्च ये च विघ्नविनायका।।
जगतः शान्तिकर्तारो ब्रह्मद्याश्च महर्षयः।
मा विघ्ना मा च मे पापं मा सन्तु परिपन्थिनः।
सौम्या भवन्तु तृप्ताश्च देवा भूतगणास्तथा।
ते गृह्णन्तु मया दत्तं बलि वै सार्वभौतिकम्।।
अनेन बलिदानेन अधो लोकादयः प्रीयन्ताम्।

बहुत सी बलि सामूहिक रूप में धर दें। फिर प्रार्थना करे।

मण्डपे स्थित देवानां पूजने या त्रुटिर्भवेत्।
क्षन्तव्या करुणां कृत्वां प्रार्थनेयं मुहुर्मुहः।।
मंत्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं सुरेश्वराः।
यत् पूजितं मया देव परिपूर्ण तदस्तु में।।

पीछे हाथ-पैर धोकर प्राग द्वार से मंडप में प्रवेश करके यजमान दक्षिण की ओर बैठकर कर्म कराने की प्रार्थना करें।

अथ सर्वतोभद्रनिर्माण कारिका

अतिसरल कारिका हिन्दी में इस प्रकार है--

तीन-पाँच ग्यारा नौ। सर्वतोभद्र मांडो सा॥

संस्कृत में

प्रागुदीच्यायता रेखा कुर्यादेकोनविंशतिः।
खन्डेन्दुस्त्रिपदः कोणे शृंखला पंचभिः पदैः॥१॥
एकादश पदा वल्ली भद्रं तु नवभिः पदैः।
चतुर्विशत् पदा वापी परिधिर्विशतिः पदैः॥२॥
मध्ये षोडशभिः कोष्ठैः पद्ममष्टदलं स्मृतम्।
श्वेतेन्दुः शंखला कृष्णा वल्लीः नीलेन पूरयेत्॥३॥
भद्राऽरुणा, सिता वापी परिधिः पीतवर्णका।
बाह्यान्तर्दलः श्वेतः कर्णिका पीतवर्णिका॥४।
परिध्यावेष्टितं पद्मं बाह्ये सत्वरजस्तमः।
तन्मध्ये स्थापयेद् देवान् ब्रह्माद्यांश्च सुरेश्वरान्॥५॥

विशेष ज्ञान छपे हुए मण्डल से करें।

मिलने का पता: श्री सरस्वती प्रकाशन, सैन्ट्रल बैंक के पीछे, पुरानी मण्डी, अजमेर

मध्य में सारे संस्कार करके कलश स्थापन करे। उस पर, पूर्णपात्र पर, सुवर्ण प्रतिमा रखे। उसे वास्तुवत् अम्न्युत्तारणादि करके षोड़शोपचार

से पूजा करे। वस्त्र की जगह कौशेयवस्त्र हो। बाहर पंखुड़ियों पर १५ पात्र भी रखें।

लिंगतोभद्र के भी मूर्ति सत्कारादि सर्वतोभद्रानुसार कर लें। फिर पूजा करें। इसका मंडप भी छपा है। वहाँ देखें समझ में आ जावेगा।

सर्वतोभद्रदेवतास्थापनम्

आचम्य प्राणानायम्य संकल्पः। अद्यपूर्वोच्चारितशुभ पुण्यतिथौ अमुक देवता प्रतिष्ठा कर्मणि सर्वतोभद्र देवताऽऽ वाहनं प्रतिष्ठा पूजन च करिष्ये।

१ ॐ ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्वि सीमतः सुरुचो वेन आवः। स बुध्न्या उपमा अस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसतश्च व्विव्ः। इति मंत्रेण मध्ये कर्णिकायां भो ब्रह्मनिहागच्छ इह तिष्ठ।

२ उत्तरे परिधि समीते सोमम। ॐ वय७ सोमव्रते तप मनस्तनुषु बिभ्रतः। प्रजावन्तः सचेमहि। ॐ भूः सोमाय नमः। सोममावाहयामि।

३ ईशान्यां खण्डेन्दौं-ॐ तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पति धियं जिन्वमवसे हूमहे वयम्। पूषा नो यथा वेद सामसदवृधे रक्षिता पायुरदब्ध, स्वस्तये॥ ॐ भूः ईशानाय नमः। ईशानमावाहयामि स्थापयामि।

४ पूर्वेइन्द्रम्- ॐ त्रातारमिन्द्रम वितारमिन्द्र ७ हवे हवे। सुहव७ शूरमिन्द्रम। ह्वयामि शक्रं पुरुहूतमिंद्र७ स्वस्ति नो मघवा धात्विन्द्रः। इन्द्रमावाहयामि॥

५ आग्नेय्यामग्निम्--ॐ त्वन्नो अग्ने तब देव पायुभिर्मघोनो रक्ष तन्वश्च वंध। त्रातातोकस्य तनये गवामस्य निमेष७ रक्षमाणस्तव व्रते॥ अग्निमा०॥

६ दक्षिणेयम्। ॐ यमाय त्वाङ्गिरस्वते पितृमते स्वाहा। स्वाहा धर्माय स्वाहा धर्मः पित्रे।। यममा० ।।

७ नैर्ऋत्यां निर्ऋतिम। ॐ असुन्वन्तमयजमानमिच्छ स्तेनस्येत्यामान्विहि तस्करस्य। अन्यमस्मदिच्छ सात इत्या नमो देवि निर्ऋते तुभ्यमस्तु।। निऋतिमा० ।।

८ पश्चिमे वरुणम्। ॐ तत्वायामि ब्रह्मणा वंदमानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेडमानो वरुणेह बोध्युरुश ꣳ समान आयुः प्रमोषी।। वरुणामा० ।।

९ वायव्यां वायुम। ॐ आनो नियुद्भिः शतनीभिरध्वर ꣳ सहस्रिणीभिरूप याहि यज्ञम्। वायो अस्मिंत्सवने मादयस्व यूयं पात स्वस्तिभिः सदाः नः।। वायु मावा० ।।

१० वायुसोमयोर्मध्ये वसून्। ॐ सुगा वो देवाः सदना ऽअकर्मयऽआजग्मेꣳ द न्सवनं जुषाणाः। भरमाणा वहमाना हवीꣳष्यस्मे धत्त वसवो वसूनि स्वाहा। वसूनमा०।

११ सोमेशानयोर्मध्ये रुद्रान। ॐ रुद्रा स ꣳ सृज्य पृथिवीं बृहज्ज्योतिः समीधिरे। तेषां भानुरजस्त्र ऽ इच्छुक्रो देवेषु रोचते।। (रुद्रमावा०) ।। अ० ११

१२ इन्द्रेशानयोर्मध्ये द्वादशादित्यान्। ॐ यज्ञो देवानां प्रत्येति सुम्नमादित्यासो भवता मृडयन्तः। आवोऽर्वाची सुमतिर्ववृत्याद ७ होश्चिद्या वरिवो वित्तरासदादित्येभ्यस्त्वा॥ आदित्याना०॥

१३ इन्द्राग्न्योर्मध्ये अश्विनौ। ॐया वाङ्कशा मधुमत्याश्विना सूनृतावती। तया यज्ञ मिमिक्षतम्। उपयामगृहीतोऽस्यश्विभ्यां त्वैष ते योनिर्माध्वीभ्यां त्वा॥ अश्विनावा०॥

१४ अग्नियमयोर्मध्ये विश्वेदेवान। ॐ ओमासश्चर्षणी धृतो विश्वे देवास ऽआगत। दाश्वा ७ सो दाशुषः सुतम्। उपयामगृहीतोऽसि विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यः एष ते योनिर्विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यः॥ विश्वेदेवामा०॥

१५ यमनिर्ऋतियोर्मध्ये यक्षान्। ॐ अभित्यं देव७ सवितारमोण्योः कविक्रतुमर्चामि सत्यसव७ रत्नधामभिप्रियं मतिं कविम्। उध्र्वा यस्यामतिर्भा अदिद्युतत्सवीमनि हिरण्य पाणि रमिमीत सुक्रतुः कृपा स्वः। प्रजाभ्यस्त्वा प्रजास्त्वाऽनुप्राणन्तु प्रजास्त्वमनुप्राणिहि ॥ यक्षानावा०॥

१६ निर्ऋतिवरुणयोर्मध्ये नागान्। ॐ भूताय त्वा नारातये स्वरभिविख्येषं ह७ हन्तां दुर्याः पृथिव्यामुर्वन्तरिक्षमन्वेमि पृथिव्यास्त्वा नाभौ सादयाम्यदित्या उपस्थेऽग्ने हव्य७ रक्ष॥ नागानावा०।

१७ वसुणवाय्वोर्मध्ये गन्धर्वाप्सरसः। ॐ ऋताषाड्ऋत धामाग्नि गन्धर्वस्तस्यौषधयोप्सरसो मुदो नाम। स न इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु तस्मै स्वाहा वाट् ताभ्यः स्वाहा। गंधर्वादीनावा० ॥

१८ ब्रह्मसोमयोर्मध्ये रुद्रम्। ॐ यदक्रन्द्रः प्रथमं जायमान उद्यन्त्समुद्रादुत वापुरीषात्। श्येनस्य पक्षा हरिणस्य बाहू उपस्तुत्यं महि जातं ते अर्वंन॥ रूद्रमावा० ॥ य० अ० २९

१९ रूद्रसोमयोर्मध्ये स्कन्दम्। ॐ आशुः शिशानो वृषभो न भीमो घनाघनः क्षोभणश्चर्षणीनाम। संक्रन्दनो निमिष एकवीरः शत७ सेना अजयत्साकमिन्द्रः॥ स्कन्दमा०।

२० इत्रैव नंदी शूलमहाकालान्। ॐ ऋषभं मा समानानां सपत्नीनां विषासहिम्। हंतारं शत्रूणां कृधि विराजं गोपर्तिगवाम्। ॐ कद्रुद्राय प्रचेतसे मीढुष्टमाय तव्यसे वोचे मशंतमं हृदे। ॐ कुमारं माता युवतिः समुब्धं ग्रहा विभर्ति न ददाति पित्रे। अनीकमम्यन मिवज्जनासः पुरः पश्यन्ति निहितमरतौ। ब्रह्मेशानयोर्मध्ये दक्षम्। ॐ अतिदिर्ह्यैजनिष्ट दक्षया दुहिता तव। तां देवा अन्वजायन्त भद्रा अमृतवंधवः॥ नद्यादीना० ॥

२१ तत्रैव आदितिम्। ॐ अदितिद्यौरदितिरन्तरिक्ष माता

स पिता: स पुत्रः। विश्वेदेवा अदितिः पञ्च जना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्।। अदितिमा० ।।

२२ तत्रैव दुर्गाम्। ॐ तामग्निवर्णां तपसा ज्वलन्तीम् वैरोचनीं कर्मफलेषु जुष्टाम्। दुर्गा देवीं शरणामहं प्रपद्येमुतरसि तरसे नमः।। दुर्गामा० ।।

२३ तत्रैव विष्णुम्। ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधेपदम् समूढमस्य पा॑ सुरे।। विष्णुमावा० ।। अ० ५

२४ स्वधाम्। ॐ पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः पितामहेभ्य स्वधायिभ्यः स्वधा नमः प्रपितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः।। स्वधामावा० ।।

२५ ब्रह्मयमयोर्मध्ये। मृत्युरोगान्। ॐ परं मृत्यो अनुपरेहि पन्थां यस्ते अन्य इतरो देवयानात्। चक्षुष्मते शृण्वते ते ब्रवीमि मा नः प्रजा ॅ रीरिषो मोत वीरान्।। मृत्युमा० ।।

२६ ब्रह्मनिर्ऋतिमध्ये गणेशम् ॐ गणानां त्वा गणपति ॅ हवामहे प्रियाणान्त्वा प्रियपति ॅ हवामहे निधीनान्त्वा निधिपति ॅ हवामहे वसो मम आहमजानिगर्भधमात्वमजासि गर्भधम्। गणेशमावाहयामि०।

२७ ब्रह्मवरुणयोर्मध्ये अपः। ॐ शन्नो देवीरभिष्ट आपो स्त्रवन्तु पीतये शंयोरभि स्रवन्तु नः।। अप आवा० ।।

२८ ब्रह्मवाय्वोर्मध्ये मरुत:। ॐ मरुतो यस्य हि क्षये पाथा दिवो विमहस:। स सुगोपातमो जन:। ॐ मरुद्भ्यो नम: मरुत: आवाहयामि।

२९ ब्रह्मण पादमूले पृथवीम्। ॐ स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरा निवेशनि। यच्छा न: शर्म सप्रथा:॥ पृथ्वीमआवाहयामी॥

३० ब्रह्मण: पादमूले नदी:। ॐ इमं मे यमुने सरस्वति शतद्रु स्तोमं स च ताप रुष्णया। असिकन्या मरुदवृध: वितस्तयाजी कीये शृणुह्या सुषोमया॥ पृथिव्या उत्तरत: ॐ भूगंगादिनदीभ्यो नम:॥ आवा०॥

३१ ब्राह्मण: समन्तात सप्तसागरान्। ॐ इमं मे वरुण श्रुधि हवमद्या च मृडया। त्वामवस्युराचके॥ सप्तसागरानावाहयामि स्थापयामि॥

३२ तदुपरि मेरू नाममंत्रेण पूजयते यथा। ॐ मेरवे नम:॥

३३-४० मण्डल वाह्ये श्वेतपरिधौ उत्तरादि क्रमेण--ॐ भूर्भुवः गदायै नम:। ईशानसमीपे त्रिशूलाय नम:। पूर्वे इन्द्रसमीपे वज्राय नम:। आग्नेय्यां अग्निसमीपेॐभू: शक्तये नम:। दक्षिणेयम समीपे ॐ भू:दंडाय नम:। नैर्ऋत्यां निर्ऋतिसमीपे ॐ भू: खड्गाय नम:। पश्चिमे वरुण समीपे ॐ भू: पाशाय

नमः। वायव्यां वायुसमीपे ॐ भूः अंकुशाय नमः। गदाद्या आवाहयामि॥

४१-४८ पुनः पूर्वादिषु दिक्षु। उत्तरे ॐ भूः गौतमाय नमः। ऐशान्याँ ॐ भूः भरद्वाजाय नमः। पूर्वे ॐ भूः विश्वामित्राय नमः। आग्नेयां ॐ भूः कश्यपाय नमः। दक्षिणे ॐ भू जमदग्नये नमः। नेऋत्यां ॐ भूः वशिष्ठाय नमः। पश्चिमे ॐ भूः अत्रये नमः। वायव्यां ॐ भूः अरुन्धत्यै नमः॥ ऋषीनावा०॥ मण्डलबाह्ये कृष्णपारिधौ-ऐंद्रयाद्यष्टदेवता--

४९-५६ पूर्वे ॐ भूः ऐंद्रयै नमः। अग्नेय्याम् ॐ भूः कौमार्यै नमः। दक्षिणे ॐ भूः ब्राह्मयै नमः। नैर्ऋत्यां ॐ भूः वाराह्यै नमः। पश्चिमे ॐ भूः चामुण्डायै नमः। वायव्याम् ॐ भूः वैष्णव्यै नमः। उत्तरे ॐ भूः माहेश्वर्यै नमः। ऐशान्याम ॐ भूः वैनायक्यै नमः॥५६॥

पूर्वोक्त षट्पंचाशत् देवान् देवाश्च आवाहयामि स्थापयामि।

एवं सर्वतोभद्रदेवतानां पूजनं कुर्यात॥

।। चतुर्लिंगतोभद्र-कारिका ।।

रेखास्त्वष्टादश प्रोक्ताश्चतुर्लिङ्ग-समुद्भव। कोणन्दुस्त्रिपदः श्वेतस्त्रिपदैः कृष्णशृङ्खला ।।१।। वल्ली सप्तपदा नीला भद्रं रक्तं चतुष्पदम्। भद्रपार्श्वे महारुद्रं कृष्णमंष्टा दशैः पदैः ।।२।। शिवस्य पार्श्वतो वार्पी (वार्मी) कुर्यात्पंवपदां सिताम। पदमेकं तथा पीतं भद्रवाप्योस्तु मध्यतः ।।३।। शिरसि शृङ्खलायाश्च कुर्यात पीतपदत्रयम् लिंगानाः स्कंधतः कोष्ठा विशती रक्तवर्णकाः ।।४।। परिधि पीतवर्णैस्तु पदै, षोडशभि स्मृतः ।। पदैश्च नवभिः पश्चाद्रक्तं सकर्णिकम् ।।५।।

कोणेन्दु ३ सफेद। शृङ्खला काली त्रिपदा।

बल्ली-मूंग वाली हरी (याने नीली) सात। भद्र (लाल) चतुष्पद भद्र (लाल के पास अठारह महारुद्र) शिवजी के पास वापी (श्वेत) २४

प्रतिष्ठाप्रभु (स्मार्तप्रभुः) पं. दौलतरामजी ने ८० पृष्ठ में सर्वतोभद्र की टिप्पणी में प्रमाण दिये हैं।

सर्वत्र रुद्रयागे विष्णुयागादौ च सर्वतोभद्रमेव कार्यम्। मयूखादौ अस्यैवोक्तत्वात्) सम्प्रदायानूरोधेन शिवप्रतिष्ठायां

शिव यागे वा लिंगतो भद्रकरणेस्पि नत्र सर्वतौभद्रदेवता एताबाह्या: मयूखादौ तासामेवावाहनोक्ते: देवतान्तरानुक्तेश्च। लिंगतोभद्रे अष्टभैरवावाहनमुक्तं तत मण्डलाद् बहि: प्रागादिक्रमेण ऐन्द्राद्यादि-अष्टशक्तिसमीपे कार्यम्। एतेन सर्वंतोभद्र षट्पंचाशत् (५६) देवता: लिंगतोभद्रे तु ६४ देवता इति निश्चितम्।

लिंगतोभद्रेषु तु मण्डलाद् बहिरेव पूर्वाद्यष्टदिक्षु अष्टभैरवानां स्थापनमिति विशेष:।

इत्यादि प्रमाणों में शिवप्रतिष्ठा में भी सर्वतोभद्र की रचना करनी चाहिये परन्तु प्रागादिक्रम से आठ अष्टभैरवों की भी स्थापना तथा पूजन करने का लेख है।

३२ देवात्मक लिंगतोभद्र मे तो केवल ३२ भैरवों (शिवों) का स्थान हैं। शिवजी के अंगीभूत उमा, गणपति, स्कन्द कुबेरादि का नामोल्लेख नहीं होने से मुझे तो वह नहीं जचा। अत: सर्वतोभद्र तथा बाहर अष्टभैरव (रुद्र) निर्माण पूजन ही मान्य हैं। अथवा ३४ रेखात्मक द्वादशलिंगतोभद्र बनाना अच्छा लगता है। जिसमें सारे शिव परिवार के साथ भगवान् विष्णु उनके परिवार एवं ब्रह्मादि देवताओं के स्थान है।

अथ लिंगतोभद्र ३२ देवतानां

वैदिकमंत्रैरावाहनम्

सर्वतोभद्र--बाह्ये पूर्वादिक्रमेण--ॐ कृत्स्नातया धावते सत्वनां पतये नमो नम: सहमामाय निव्याधिन

आव्याधिनीनां पतये नमो नमो निषङ्गणे ककुभाय स्तेनानाँ पतये नमो नमो निचेरवे परिचाराण्यानां पतये नमः॥ ॐ भूः असिताङ्ग भैरवाय नमः। असितांग भैरवमावाहयामि।१। आग्नेय्याम्- ॐ श्वित्र आदित्यानामुष्ट्रो घृणीवान् वार्घ्रीनमस्ते मत्या अरण्याय सृमरो रूरूः रौद्रः क्वयिः कुटरुर्दात्यौ हस्ते वाजिनां कामाय पिकः॥ ॐ भूः रूरूभैरवाय नमो रूरूभैरवमा०।२। दक्षिणस्याम्- ॐ उग्रं लोहित्येन मित्र ऽ सौव्रत्येन रूद्रं दौर्वत्येनेन्द्रं प्रकीडेन मरुतो बलेन साद्ध्यान् प्रमुदा। भवस्य कण्ठय ऽ रुद्र स्यान्तः पार्श्व्यं महादेवस्य यकृच्छर्वस्य वनिष्ठुः पशुपतेः पुरीतत्॥ ॐ चण्डभैरवाय नमः। चण्डभैरवामावा०।३। नैर्ऋत्याम्-ॐ इन्द्रस्य क्रोड़ोदित्यै पाजस्यन्दिशां जत्रवोदित्यै भसज्जीमृतान् हृदयौपशेनांतरिक्षं पुरीतता नभ उदर्येण चक्रवा कौ मतस्नाभ्यान्दिवं वृक्काभ्यां गिरीन् प्लाशिभिरुपलान् प्लीन्हा वल्मीकान् क्लोमभिग्लौं भिर्गुल्मान् हिराभिः स्त्रवन्तीर्हृदान् कुक्षिभ्या ऽ समुद्रमुदरेण वैश्वानरं भस्मना। ॐ भूः क्रोधभैरवाय नमः क्रोधभैरवमावा०।४। पश्चिमे-ॐ उन्नत ऋषभो वामनस्त ऐन्द्रा वैष्णवा उन्नतः शितिवाहुः शितिपृष्ठस्त ऐन्द्रा बार्हस्पत्याः शुकरूपा वाजिनाः कल्माषा आग्निमारूतताः श्यामाः पौष्णा॥ ॐ भू उन्मत्त भैरवाय नमः। उन्मत्तभैरवमावा०।५। वायव्याम्- ॐ कार्षिरसि

समुद्रस्य त्वा क्षित्या उन्नयामि। समापो अद्भिरग्मत समोषधी भिरोषधीः॥ ॐ भूः कपालभैरवाय नमः कपालभैरवमावा० ।६। उत्तरे- ॐ उग्रश्च भीमश्च ध्वान्तश्च धुनिश्च सासह्वांश्चाभियुग्वा च विक्षिपः स्वाहा॥ ॐ भूः भीषण भैरवाय नमः भीषणभैरवमाया० ।७। ईशान्याम्- ॐ नमः शंभवाय च मयोभवाय च नमः शंकराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च॥ ॐ भूः संहार भैरवाय नमः संहारभैरवमावा ।८।

तद्बाह्ये पूर्वादिक्रमेण-ॐ नमः श्वभ्यः श्वपतिभ्यश्च वो नमो नमो भवाय च रुद्राय च नमः शर्वाय च पशुपतये च नमो नीलग्रीवाय च शितिकंठाय च॥ ॐ भूः भवाय नमः ।९।

आग्नेय्याम्- ॐ अग्नि ऽ हृदयोनाशनि ऽ हृदयाग्रेण पशुपतिं कृत्स्न हृदयेन भवं यकना॥ शर्व मतःस्नाभ्यामीशानं मन्युना महादेवमंतः पर्शव्येनोग्रंदेवं वनिष्ठुना वरिष्ठे हनुः शिङ्गीनि कोश्याभ्याम्॥ ॐ भूः शर्वाय शर्वमावा० ।१०। दक्षिणे-ॐ उग्रं लोहितेन मित्र ऽ सौव्रत्यैन रूद्रं दोर्व्रत्येनेन्द्रम प्रकीडेन मरूतो बलेन साध्यान् प्रमुदा। भवस्यकंठ्य ऽ रूद्रस्यान्तः पाश्र्व्यं महादेवस्य यकृच्छर्वस्य वनिष्टूः पशुपते पुरीतत् ॐ पशुपतये नमः पशुपतिमावा० ।११। नैऋत्याम्-ॐ. तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पतिं धियं जिन्वमवसे हूमहे वयम्।

पूषानो यथा वेदसामसद् वृधेरक्षिता पायुरऽदब्धः स्वस्तये। ॐ भूः ईशानाय नमः ईशानमावा० ।१२। पश्चिमे- ॐ नमस्ते रुद्र मन्यव उतोत इषवे नमः। बाहुभ्यामुत ते नमः॥ ॐ भूः रुद्राय नमः। रुद्रमावा० ।१३। वायव्याम्-ॐ उग्रश्च भीमश्च ध्वान्तश्च धुनिश्च। सांसह्वांश्चाभियुग्वा च विक्षिपः स्वाहा। ॐ भूः उग्राय नमः। उग्रं आवा० ।१४। उत्तरे-ॐ वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्ण तमसः परस्तात्। तमेव विदित्वाति मृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेयनाय॥ ॐ भूः भीमाय नमो भीममावा० ।१५। ईशान्याम्- ॐ मानो महान्तमुत मानो अर्भकं मान उक्षन्तमुत मान उक्षितम्। मानः वधीः पितरं मोत मातरं मानः प्रियास्तन्वा रूद्ररीरिषः॥ ॐ भूः महतं नमो महान्तमावा० ।१६। तद्बाह्ये पूर्वादिक्रमेण- ॐ स्योना पृथिवी नो भवानृक्षरा निवेशनी। यच्छा नः शर्म सप्रथा॥ ॐ भूः अनन्ताय नमः, अनन्तमावा० ।१७। आग्नेय्याम्-ॐ देहि में ददामि ते निमे धेहि निते दधे। निहारञ्च हरासि मे निहारं निहराणि ते स्वाहा। ॐ भूः वासुकये नमोवासुकिमावा० ।१८। दक्षिणे-ॐ नमस्तक्षभ्यो रथकारेभ्यश्च वो नमो नमः कुलालेभ्यः कमरिभ्यश्च वो नमो नमो निषादेभ्यश्च पुंजिष्ठेभ्यश्च वो नमो नमः श्वनिभ्यौः मृगयुभ्यश्च वो नमः। नमः श्वभ्यः श्वतिभ्यश्च वा नमो नमो भवाय च रुद्राय च नमः शर्वाच च पशुपतये च नमो

नीलग्रीवाय च शितिकण्ठाय च॥ ॐ तक्षकाय नमः तक्षकमावा० ।१९। नैऋत्याम्--ॐ पुरुषमृगश्चन्द्रमसो गोधा कालका दार्वाघाटस्ते बनस्पतीनां कृकवाकुः सावित्री ह७ सा वातस्य नाक्रो मकरः कुलीपयस्ते कूपारस्य ह्रियै शल्यकः॥ ॐ भूः कलिशाय नमः कुलिशामावा० ।२०।

पश्चिमे--ॐ सोमाय कुलुङ्ग आरण्योऽजो नकुलः शकाते पौष्णाः क्रोष्टा मायोरिन्द्रस्य गौरमृगः पिद्वोन्यंकुः कर्कटस्तेनुमत्यै प्रतिश्रुत्कायै चक्रवाकः॥ ॐ भूः कर्कोटकाय कर्कोटकमावा० ।२१। वायव्याम्--ॐ अग्निर्ऋषिः पनमानः पाञ्चजन्यः पुरोहितः। तमीमहे माहगयम्। उपयामगृहोतोस्यग्नये त्वा वर्चमे एषते योनिरग्नये त्वा वर्चमे। ॐ शंखपालायनमः शंखपालमावा० ।२२। उत्तरे--ॐ सीसेन तंत्रं मनसा मनीषिण ऊर्णासूत्रेण कवयो वयन्ति। अश्विना यज्ञ७ सनिता सरस्वतीन्द्रस्य रूपं वरुणो भिषज्यन्॥ ॐ भूः कंबलाय नमः कंबलमावा० ।२३। ईशान्याम्--अश्वस्तूपरो गोमृगस्ते प्राजापत्याः कृष्णग्रीव आग्नेयो रराटे पुरस्तात् सारस्वती मेष्यधस्ताद्धन्वा रोश्विंनावधोरामौ बाह्वोः सौमापौष्णः श्यामो नाभ्या ७ सौर्ययामो श्वेतश्च कृष्णश्च पार्श्वयोस्त्वाष्ट्रौ लोमशसक्क्थौ सक्थ्योर्वायव्यः श्वेतः पुच्छ इन्द्रायस्व पस्याय वेदद्वैष्णवौ वामनः॥ अश्वतराय नमः अश्वतरमावा० ।२४। ईशानेन्द्रयोर्मध्ये-ॐ नमः श्वभ्यः श्व

पतिभ्यश्च वो नमो नमो भवाय च रुद्राय च नमः शर्वाय पशुपतये च नमो नीलग्रीवाय च शितिकण्ठाय च ॐ शूलाय नमः शूलमावा० ।२५। इन्द्राग्न्योर्मध्ये--ॐ चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत। श्रोत्राद् वायुश्च प्राणश्च मुखाग्निरजायत। ॐ भूः चन्द्रमौलिने नमश्चन्द्रमौलिमावा० ।२६। अग्नियमर्योर्मध्ये- ॐ चन्द्रमा अप्स्वन्तरा सुपर्णो धावते दिवी। रयिम्पिशङ्ग बहुलं पुरुस्पृहऽ हरिरेति कनिक्रदत॥ ॐ भूश्चन्द्रमसे नमः, चन्द्रमसेमावा० ।२७। यमनिर्ऋतिमध्ये-ॐ आशुः शिशानो वृषभो न भीमो घनाघनः क्षोपणश्चर्षणीनाम्। सक्रन्द्रनो निमिष एकवीरः शतऽ सेना अजयत्साकमिन्द्रः॥ ॐ भूः वृषभः ध्वजाय नमः, वृषभध्वजमावा० ।२८। निर्ऋतिवरुणयोर्मध्ये-ॐ सुगावो देवाः सदना अकर्मय आजग्मेदऽ सवनं जुषाणाः। भरमाणा वहमाना हवीऽ षयस्मे धत्त वसवो वसूनि स्वाहा। ॐ भूः त्रिलोचनाय नमः त्रिलोचनमावा० ।२९।

वरुणावायुर्मध्ये--ॐ रुद्राः सऽ सृज्य पृथिवी बृहज्ज्योति समीधिरे। तेषाँ भानुरजस्त्र इच्छुक्रो देवेषु रोचते॥ ॐ शक्तिधराय नमः शक्तिधरमावा० ।३०। वायुसोमयोर्मध्ये--ॐ त्र्यंबकं यजामहे सुगधिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारूकमिव बंधनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्॥ ॐ महेश्वराय

नमो महेश्वरमावा०।३१। सोमेशानयोर्मध्ये-ॐ यावाङ्कशा मधुमत्यश्विना सूनृतावती। तयायज्ञं मिमिक्षतम्।। ॐ भूः शूलपाणये नमः शूलपाणिमावाहयामि।३२।

फिर लिंगतोभद्र पर मध्य में कलश रखकर उस पर अभ्युत्तारण पूर्वक मूर्ति विराजमान करके पंचोपचार से पूजा करें। फिर प्रार्थना करे--

इति लिंगतोभद्रदेवता स्थापनं, पूजनं पंचोपचारैः कुर्यात।

पूजितोऽसि मया देव कुर्यास्त्वं मम मंगलम्।
अस्य यज्ञस्य संसिद्धै क्षमस्व वृषभध्वज।।

इति लिंगतोभद्रस्थापनपूजनम्

व्रतोद्यापन चन्द्रिकानुसारेण

चतुर्लिंगतोभद्रमंडल

देवतास्थापनम्

(पूर्वलिंगेषु) वीरभद्राय नमः। वीरभद्रमावाहयामि स्थापयामि।१। शँभवे नमः। शंभुमावाहयामि स्था०।२। अजैकपदे नमः। अजैकपदमावाहयामि स्था०।३। (दक्षिण लिंगेषु) अहिर्बुंध्न्याय नमः। अहिर्बुध्न्यमावा० स्था०।४।

पिनाकिने नमः। पिनाकिनमावा० स्था० ।५। शूलपाणये नमः। शूलपाणिमावा० स्था० ।६। (पश्चिमलिंगेषु भुवनाधीश्वराय नमः। भुवनाधीश्वरमावा० स्था०।७। कपालिने नमः कपालिनमावा० स्था ।८। दिक्पतये नमः दिक्पतिमावा.स्था. ।९। (उत्तर लिंगेषु) रुद्राय नमः रूद्रमावा० स्था० ।१०। शिवाय नमः शिवमावाह स्था.।११। महेश्वराय नमः महेश्वरमावा० स्था० ।१२।

(ततः पूर्वादि क्रमेणाष्टभैरवदेवताः) असितांग भैरवायनमः असितांग भैरवमावा० स्था० ।१३। रूरूभैरवाय नमः रूरूभैरवमावा० स्था० ।१४। चंडभैरवाय नमः चंडभैरवमावा० स्था० ।१५। क्रोधभैरवाय नमः क्रोधभैरवमावा० स्था० ।१६। उन्मत्तभैरवाय नमः। उन्मतभैरवमावा० स्था० ।१७। कपालभैरवाय नमः। कपालभैरवमावा० स्था० ।१८। भीषणभैरवाय नमः भीषणभैरवमावा० स्था.।१९। संहारभैरवाय नमः संहारभैरवमावा० स्था० ।२०।

(ततः पूर्वादिक्रमेण चतुर्विंशतिदेवताः) भवाय नमो भवमावा० स्था० ।२१। शर्वाय नमः शर्वमावा० स्थापयामि।२२। रूद्राय नमो रूद्रमावा० स्था० ।२३। पशुपतये नमः पशु पतिमावा० स्था० ।२४। महते नमो महान्तं आवा० स्था० ।२५। भीमाय नमो भीम आवा० स्था० ।२६। ईशानाय

नमः ईशानं आवा० स्था० ॥२७॥ अनन्ताय नमो अनंतं आवा० स्था० ॥२८॥ तक्षकाय नमः तक्षकं आवा० स्था० ॥२९॥ वासुकये नमो वासुकिमावा० स्था० ॥३०॥ कुलिशाय नमः कुलिशमावाहयामि स्था० ॥३१॥ कर्कोटकाय नमः कर्कोटकमावा० स्था० ॥३२॥ शंखपालाय नमः शंखपालमावा० स्था० ॥३३॥ कम्बलाय नमः कम्बलमावा० स्था० ॥३४॥ अश्वतराय नमः अश्वतरमावा० स्था० ॥३५॥ शूलिने नमः शूलिनमावा० स्था० ॥३६॥ चंद्रमौलये नमः चन्द्रमौलिमावा० स्था० ॥३७॥ चन्द्रमसे नमः चन्द्रमसेमावा० स्था० ॥३८॥ वृषभ ध्वजाय नमो वृषभध्वजमावा० स्था० ॥३९॥ त्रिलोचनाय नमःत्रिलोचनमावा० स्था० ॥४०॥ शक्तिधराय नमः शक्तिधरमावा० स्था० ॥४१॥ महेश्वराय नमः महेश्वरमावा० स्था० ॥४२॥ शूलधारिणे नमः शूलधारिणमावा० स्था० ॥४३॥ स्थाणवे नमः स्थाणुमावा० स्था० ॥४४॥

(मध्ये कर्णिकायाम्) ब्रह्मणे नमो ब्रह्माणमावा० स्था० ॥१॥ (उत्तरे उत्तरशिवलिंगस्याधः) सोमाय नमः सोममावा० स्था० ॥२॥ (ईशान्यां खण्डेन्दो) ईशानमा० स्था० ॥३॥ (पूर्वलिंगस्याधः) इन्द्राय नमः इन्द्राम आ० ॥४॥ (अग्नेये खंडेन्दौ) अग्नये नमः अग्निमावा० ॥५॥ (दक्षिणे दक्षिणलिंगस्याधः) यमाय नमो यममावा ॥६॥ (नैर्ऋत्या

खंडन्दौ) निर्ऋतये नमो निर्ऋतम् आ० ॥७॥ (पश्चिमे पश्चिमलिंगस्याधः) वरुणाय नमो वरुणमा:० ॥८॥ वायव्यां खंडेन्दौ) वायवे नमोवायु० ॥९॥ (वायुसोमयोर्मध्ये भद्रे) अष्टवसुभ्यो नमोऽष्टवसूनावा० ॥१०॥ (सोमेशानयोर्मध्येभद्रे) एकादश रुद्रेभ्यो नमो एकादशरुद्रान्० ॥११॥ (ईशानेन्द्रयोर्मध्ये भद्रे) द्वादशादित्येभ्यो नमो द्वादशादित्यान्० ॥१२॥ (इन्द्राग्न्योर्मध्ये भद्रे) अश्विभ्यां नमः अश्विनौ आवा० ॥१३॥ (अग्नियमयोर्मध्ये भद्रे) विश्वेभ्यो देवेभ्यो नमो विश्वान्देवान्० ॥१४॥ (यमनिर्ऋत्योर्मध्ये भद्रे) सप्तयक्षेभ्यो नमः सप्तयक्षान्० ॥१५॥ (निर्ऋतिवरुणयोर्मध्ये भद्रे) भूतनागेभ्यो नमो भूतनागान्० ।१६॥ वरुणवायव्ययोर्मध्ये भद्रे) गन्धर्वाप्सरोभ्यो नमः गन्धर्वाप्सरान् आवा० ॥१७॥ (उत्तरलिंगस्याधः) स्कन्दायनमः स्कन्दमावा० ।१८। (तत्रैव नन्दीश्वराय नमो नन्दीश्वरम् ॥१९॥ शूलमहाकालाभ्यां नमः शूलमहाकालौ आ० ॥२०॥

(ब्रह्मेशानयोर्मध्ये) (शृंखलायाम्) दक्षादिसप्तकाय नमो दक्षादिसप्तकान् आ० ॥२१॥ (पूर्वलिंगस्याधः) दुर्गायै नमो दुर्गामि० ॥२२॥ (तत्रैव) विष्णवे नमो विष्णुम् ॥२३॥

(ब्रह्माग्न्योर्मध्ये) (शृंखलायाम्) स्वधायै नमः स्वधाम्० ॥२४॥ (दक्षिणलिंगस्याधः) मृत्युरोगाभ्यां नमो मृत्युरोगौ आ० ॥२५॥ (ब्रह्मनिर्ऋत्योर्मध्ये) (शृंखलायाम्)

गणपतये नमो गणपतिम्० ॥२६॥ (पश्चिमलिंस्याध:) अद्भ्या नम: अद्भ्य आवा.॥२७॥ (ब्रह्मवाय्वोर्मध्येशृंखलायाम) मरुद्भ्यो नमो मरुत आ० ॥२८॥ (ब्रह्मण: पादमूले कर्णिकायाम्) पृथिव्यै नम: पृथिवीम० ॥२९॥ (तत्रैव) गङ्गादिनदीभ्यो नमों गङ्गादिनदी: आ० ॥३०॥ (तत्रैव) सप्तसागरेभ्यो नम: सप्तसागरान् ॥३१॥ (ब्रह्मणो मस्तके कर्णिकोपरि) मेरवे नमो मेरुम० ॥३२॥ (उदक लिंगे) (सद्यौजाताय नम: सद्योजातम्० ॥१॥ (प्रातीची लिंगे) वामदेवाय नमो वामदेवम्० ॥२॥ (दक्षिणलिंगे) अघोराय नम: अघोर मा० ॥३॥ (प्रचीती लिंगे) तत्पुरुषाय नम: तत्पुरुषम् ॥४॥ (कर्णिकायां मेरुपरि) ईशानाय नम: ईशानम् ॥५॥ (परिधौ) परिधये नम: परिधम् ।६। (मेरो: परिधि समंतात् लिगानां स्कन्धे विंशतिकोष्ठेषु) चतु: पुरीभ्यो नमश्चतु: पुरी: आ० ॥७॥ (आग्नेयादिषु कोणेषु शृंखलाशिरसि) ऋग्वेदाय नम: ऋग्वेदम्० ॥८॥ यजुर्वेदाय नमो यजुर्वेदम् ॥९॥ सामवेदाय नम: सामवे दम्० ॥१०॥ अथर्ववेदाय नम: अथर्ववेदामावाहयामि० ॥११॥

उत्तरलिंगस्य दक्षिणवापीमारभ्य वामवापीपर्यन्तासु अष्टसु वापीषु) भवाय नमो भवमावा० ॥१२॥ शर्वाय नम: शर्वम्आवा० ॥१३॥ पशुपतये नम: पशुपितम्० ॥१४॥ ईशानाय

नमः ईशानम्० ।१५। उग्राय नमः उग्रम० ।१६। रुद्राय नमो रुद्रम० ।१७। भीमाय नमो भीमम्० ।१८। महते नमो महान्तम् ।१९।

(तत्तद्वापीसमस्थैकैकपदेषु क्रमशः) भवान्यै नमो भवानीम्० ।।२०।। शर्वाण्यै नमः शर्वाणीम्० ।।२१।।

पशुपत्यैनमः पशुपतीमावा० ।।२२।। ईशान्यै नमः ईशानीम्० ।।२३।। उग्रायै नमः उग्राम्० ।२४। रुद्राण्यै नमौ रुद्राणीम ।२५। भीमायै नमो भीमाम्० ।२६। महत्यै नमो महतीम्० ।।२७।।

(ॐ पृथ्वीतत्वाय नमः आ० ।२८। जलतत्वाय नमः आ० ।२९। तेजस्तत्वाय नमः आ० ।३०। वायुतत्वाय नमः आ० ।३१। आकाशतत्वाय नमः आ० ।।३२।।

(ब्राह्यश्वेतपरिधौ उत्तरतः सोममारभ्य वायुपर्यन्तमायुधानि) गदायै नमो गदाम्० ।।३३।। त्रिशूलाय नमः त्रिशूलम्० ।३४। वज्राय नमो वज्रम्० ।३५। शक्तये नमः शक्तिम्० ।३६। दण्डाय नमो दण्डम्० ।३७। खड्गाय नम० खड्गम्० ।।३८।। पाशाय नमः पाशम्० ।।३९। अंकुशाय नमः अंकुशम्० ।।४०।।

(तद्बाह्ये रक्तपरिधौ उत्तरतः क्रमेण) गौतमाय नमो गौतम्० ।४१। भरद्वाजाय नमो भरद्वाजम् ।।४२।। विश्वामित्राय

नमो विश्वामित्रम्० ।।४३।। कश्यपाय नमः कश्यपम्० ।४४। जमदग्नये नमो जमदग्निम्० ।।४५।। वशिष्ठाय नमो वशिष्ठम् ।।४६।। अत्रये नमो अत्रिम्० ।४७। अरुन्धत्यै नमो अरुन्धतीम् ।।४८।।

(तद्बाह्ये कृष्णपरिधौ उत्तरतः क्रमेण) ऐन्द्रयै नमः ऐन्द्रीम० ।।४९।। कौमार्यै नमः कौमारीम० ।।५०।। बाह्मयै नमो बाह्मीम् ।।५१।। वाराह्यै नमो वाराहीम्० ।।५२।। चामुण्डायै नमोश्चामुण्डाम० ।।५३।। वैष्णव्यै नमो वैष्णवीम्० ।।५४।। महेश्वर्यै नमो माहेश्वरीम्० ।।५५।। वैनायिक्यै नमो वैनायिकीम० ।।५६।। (१२७) इति चतुर्लिंगतोभद्र -मंडलदेवताः प्रतिष्ठिताः वरदा भवन्तु। ततः चतुर्लिंगतोभद्र-मंडलदेवतानां पूजनम्। चतुर्लिंगतो भद्रमंडल देवताभ्यो नमः इति मंत्रेण पूजनम् प्रार्थना-

एह्येहि गौरीशं पिनाकपाणे शशाँकमौले वृषभाधिरूढ़।
देवाधिदेवेश महेश नित्यं गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते ।।

इति श्रीव्रतोद्यापनचन्द्रिकानुसारेण चतुर्लिंगतोभद्र पूजनम् ।।

कुण्ड स्वरूप

१- एक हाथ का कुण्ड = (२४) (चौबीस अंगुल। बराबर (१) एक हाथ। बराबर (१।।) डेढ़ फुट। (१।।) डेढ़ फुट गहरा एवं चाकौर बराबर (१।।) फुट।

नोटः-ध्यान रहे कि (१।।) डेढ़ फुट मेखला सहित एवं मेखला रहित भी बना सकते हैं।

२-कंठ एक (१) अंगुल बराबर (।।।) पौन इंच को छोड़कर मेखला बनाना चाहिये।

३-मेखला प्रथम (ऊपर की) (४) चार अंगुल, बराबर (३) तीन इंच चौड़ी एवं ऊंची श्वेतवर्ण की।

मेखला दूसरे नम्बर की-(३) अंगुल बराबर (१।) सवा दो इंच ऊंची तथा चौड़ी लाल रंग की।

तीसरी मेखला (याने नीचे की) (२) दो अंगुल बराबर (१।।) डेढ़ इंच ऊंची तथा चौड़ी। कृष्ण वर्णं की।

४- योनि (१२) बारह अंगुल बराबर (९) नौ इंच ऊंची।

(१२) बाहर अंगुल (९) नो इंच की लम्बी।

(८) आठ अंगुल (६) छह इंच चौड़ी रक्तवर्ण की बनाई जावे।

कुंड के लिए विशेष ज्ञातव्य--

कुंड में अधिक खात होने से यजमान रोगी हो जाता है। कम होने पर गौ मर जाती है। कुंड टेढ़ा हो तो संताप होता है। मेखला की अधिकता से गौ और धन का क्षय। योनि न हो तो पत्नी का नाश होता है। कण्ठ न हो तो पुत्र का नाश होता है। कुंड मंडपादि प्रमाण से कम हो तो महाव्याधि। अधिक होने पर शत्रुवृद्धि तथा कष्ट होता है।

कुण्ड पूजा

यदि कुंड बनाया हो तो ये बाते विशेष हैं--

सपत्नीक यजमान आचमन प्राणायाम करके पश्चिम भाग में बैठकर निम्न संकल्प करें--

